# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 11.08.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में सांसदों के लिए 184 नए बहुमंजिला फ्लैटों का किया उद्घाटन, कहा यह एक भारत–श्रेष्ठ भारत की भावना का है प्रतीक।
- गोड्डा में पुलिस मुठभेड़ में भाजपा नेता सूर्य हांसदा की मौत, ईसीएल परियोजना में गोलीबारी का था आरोप।
- हजारीबाग में भारी बारिश के बाद बभनबे पहाड़ पर भूस्खलन, प्रशासन ने सुरक्षा कड़ी कर रोकी आवाजाही, आपदा प्रबंधन टीम अलर्ट मोड पर।
- राज्य में कई जगहें पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक बारिश जारी रहने का जताया अनुमान।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में बाबा खड़क सिंह मार्ग पर सांसदों के लिए नवनिर्मित 184 टाइप–7 बहुमंजिला फ्लैटों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि 2014 के बाद अब तक सांसदों के लिए लगभग 350 नए फ्लैटों का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 के बीच सांसदों के लिए एक भी नया आवास निर्मित नहीं किया गया था।

श्री मोदी ने कहा कि विभिन्न राज्यों के सांसद इन आवासों में एक साथ रहते हैं। यह एक भारत–श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण का परिचायक है।

******************

निर्वाचन आयोग ने 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदाता सूची में धोखाधड़ी के आरोपों पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को नोटिस जारी किया है। एक रिपोर्ट

******************

रामगढ़ के नेमरा में दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पारंपरिक श्राद्ध कर्म का सातवां दिन मनाया गया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अपने परिवार के साथ दिवंगत की शांति के लिए सात कर्मों का पारंपरिक विधान पूरा किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने अपने पैतृक गांव से राजकाज की जिम्मेदारी भी निभाई।

******************

गोड्डा जिले के बोआरी–जोर थाना क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ में भाजपा नेता सूर्य हांसदा की मौत हो गई। उन पर ईसीएल परियोजना में गोलीबारी का आरोप था, एसपी मुकेश कुमार ने उनकी मौत की पुष्टि की।

******************

हजारीबाग जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में बभनबे पहाड़ पर सुबह भारी बारिश के कारण भूस्खलन होने से पहाड़ का बड़ा हिस्सा खिसककर नीचे गिर गया। हालांकि इस घटना से किसी जनहानि या संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचा। भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्र में प्रशासन और पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर इलाके में सुरक्षा के इंतजाम किए और आवाजाही रोक दी। आपदा प्रबंधन की टीम अलर्ट मोड पर है।

******************

नक्सलियों के खिलाफ जारी राज्यव्यापी अभियान के तहत पश्चिम सिंहभूम में चलाए जा रहे विशेष सर्च अभियान के तहत कल सुरक्षा बलों ने 5 किलोग्राम के एक आईईडी बम को बरामद कर उसे मौके पर ही नष्ट कर दिया।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*****************

बॉलीवुड अभिनेत्री जया प्रदा कल रात जमशेदपुर में आयोजित निजी बिज़नेस अवॉर्ड शो में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने विजेताओं को सम्मानित किया। मौके पर उन्होंने जमशेदपुर की जनता के प्यार और अपनेपन की प्रशंसा की।

*****************

गोड्डा जिले में 10 से 25 अगस्त तक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रखंडों में फाइलेरियारोंधी दवा खिलाई जा रही है।

*****************

बेंचमार्क घरेलू शेयर बाजार सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी, दोपहर में मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। निफ्टी के थीमेटिक सूचकांकों में रक्षा शेयर सबसे अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे और एक प्रतिशत से अधिक बढ़े, जबकि सेक्टोरल सूचकांकों में रियल्टी और पीएसयू बैंक सबसे अधिक लाभ में थे। बीएसई सेंसेक्स 260 अंकों की बढ़त के साथ 80,118 पर पहुंच गया और निफ्टी ने 80 अंकों का इजाफा करते हुए 24,442 का स्तर पर पहुंचा।

*****************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 94 हजार 3 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 21 हजार रुपये प्रति किलो है।

*****************

सिमडेगा के केरसई में विश्‍व आदिवासी दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें आदिवासी नृत्य प्रतियोगिता हुई। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि जोसिमा खाखा ने भाषा और संस्कृ ति की रक्षा पर जोर दिया।

- 'डालटनगंज रेलवे स्टेशन की पार्किंग में कल रात नशे में धुत कार चालक ने आधा दर्जन से अधिक यात्रियों को रौंद दिया, जिनमें दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हैं। घायल यात्रियों को मेदिनीनगर के एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है और चालक को पुलिस ने हिरासत में लिया है।
- 'छत्तीसगढ़ में ईसाई धर्म बहनों के खिलाफ मुकदमे के विरोध में सिमडेगा में मौन जुलूस निकाला गया। इसमें जी ई एल चर्च के विशप मुरेल बिलुंग, कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा सहित कई लोग शामिल हुए।

*****************

आज राज्य में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के साथ गरज–चमक दर्ज की गई, जिसमें सबसे अधिक 61 दशमलव 5 मिलीमीटर वर्षा गढ़वा में रिकॉर्ड हुई। सरायकेला में अधिकतम तापमान 36 दशमलव .9 डिग्री सेल्सियस और लातेहार में न्यूनतम तापमान 20.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार कल भी राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश या गरज–चमक होने की संभावना है। अगले तीन दिनों तक तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है, जिसके बाद दो से तीन डिग्री की गिरावट हो सकती है।

*****************